Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13-03-2022 | अंक 167

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

### घर लौट रहे मजदूर की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



बरही थाना अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी मेघलाल महतो उम्र 50 वर्ष का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेघलाला महतो बरही में लगी फैक्ट्री श्रेष्ठ में मजदूर के रूप में काम करते थे। इनकी नाइट ड्यूटी होने के कारण अपना काम निपटा कर फैक्ट्री से वापस अपने बाइक से घर लौट रहे थे। इसी क्रम में हरिजन स्कूल मोड़ के समीप रोड पार करने के दौरान तेज गति से आ रही स्कoर्पियो ने उन्हे अपने चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं बरही प्रशासन ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया ।

### छत से गिरकर दो वर्षीय बच्ची घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत खोड़ाहर निवासी मनोज कुमार की दो वर्षीय बेटी मांशी कुमारी छत से गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में उनके परिजनों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# विधायक के सहयोग राशि को रूपेश के परिजनों ने लौटाया, पुलिसिया कार्यवाई पर उठाया सवाल

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : बहुचर्चित रूपेश पांडेय हत्याकांड मामले को लेकर दिवंगत रूपेश के परि. जनों ने विधायक उमाशंकर अकेला यादव से मुलाकात किया। परिजनों ने विधायक से मिलकर पुलिसिंग कार्यवाई में शिथिलता पर सवाल उठाते हुए विधायक द्वारा दिए पचास हजार के सहयोग राशि को वापस लौटा दिया। इस दौरान रूपेश के चाचा का रो रो कर बुरा हाल था। परिजनों ने आरोप लगाया कि वोट बैंक की रा. जनीति में हत्यारे खुलेआम घूम रहे है और केश को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयाश किया जा रहा है। परिजनों ने विधायक से मांग किया कि अविलब हत्यारो को गिरफ्तार किया जाए रा. जनीति से ऊपर उठकर रूपेश पांडेय को न्याय दिलावे व रूपेश पांडेय को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरे लोगों के खिलाफ हुए केश को वापस करवाएं। विधायक आवास से निकलकर परिजनों ने विहिप व बजरंग के सदस्यों से मिलकर रूपेश को न्याय दिलाने में दे रहे सहयोग के लिए आभार प्रकट किया व आगे भी न्याय दिलाने में साथ निभाने का आग्रह किया। इस दौरान दिवंगत रूपेश पांडेय के पिता सिकंदर पांडेय, चाचा अनिल पांडेय व नागेंद्र पांडेय तथा अन्य परिजन के अलावा चौपारण प्रखंड से बजरंग दल संयोजक हिमांशु वैद्य, सहसंयोजक सोनू साव, पाण्डेयबारा विहीप खंड मंत्री सुमंत पांडेय, राजमार्ग प्रमुख राजू सिंह, बजरंगदल सदस्य सतीश सिंह तथा विश्व हिंदू परिषद, चौपारण प्रखंड मंत्री, शेखर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# होली मिलन समारोह आयोजित कर दी एक दूसरे को बधाई



पेंशनर समाज की बैठक में शामिल पेंशनर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखण्ड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल इकाई की बैठक स्वामी विवेक. ानंद पुस्तकालय बरही में हुई।बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष रत्नेश्वर प्रसाद केशरी एवं संचालन सचिव तोखन प्रजापति एवं रा. जेन्द्र प्रसाद रुख़रीयार ने किया। बैठक में संगठन मज़बूती पर चर्चा किया। निर्णय लिया गया कि अप्रैल से प्रत्येक माह की प्रथम सप्ताह में स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय में ही पूर्वाहन 11 बजे नियमित बैठक होगी। बैठक में राजस्थान सरकार के द्वारा पुरानी पेंशन योजना को लागू करने पर राजस्थान सरकार को धन्यवाद दिया गया। साथ ही झारखण्ड सरकार से भी मांग किया गया कि झारखण्ड सरकार भी पुरानी पेंशन योजना लागू करे। मौके पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही आम जनता से अपील किया गया कि होली शांति एवं सौहार्द तरीके से मनाएं। मौके पर तोखन प्रजापति, रत्नेश्वर प्रसाद केशरी, बीके शर्मा, अखिलेश चन्द्र पांडेय, राधानाथ भगत, अब्दुल सत्तार, सुशील कुमार गुप्ता, बजरंग शर्मा, मुरली मनोहर प्रसाद, अखिलेश चन्द्र पांडेय, श्रीराम प्रसाद, बालेश्वर प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

# मलकोको में शांति समिति की बैठक शांति से होली मनाने की अपील




शांति समिति की बैठक में शामिल अधिकारी एवं अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखण्ड अंतर्गत मल. कोको पंचायत के ग्राम मलकोको में होली,सबे –बरात, रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी पुनि नीरज कु0 सिंह एएसआई ए महेंद्र बैठा, राजेश कुमार अंचल निरीक्षक बरही उप. स्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि सभी लोग शान्तिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं । किसी तरह के अफवाह न फैलाएंनऔर सामाजिक सौहार्द को बनाये रखने में सहयोग करें। बैठक में उपमुखिया कुर्बान मियां, एआईएमआईएम बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास, पारा शिक्षक हीरालाल ठाकुर, छत्रु यादव, संजय अंसारी, रणजीत यादव,कमरुद्दीन अंसारी, अनवर अंसारी,यूसुफ अंसारी ,दिनेश राणा,अल्लाहुद्दीन अंसारी,मौलाना खुर्शीद,बा. सुदेव सिंह,फिरोज निज़ामी, अस्मिद अंसारी,बेलादोहर से सोनू यादव, पड़रिया से शमसुद्दीन अंसारी इत्यादि लोग मौजूद थे।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चलकुशा प्रखंड खरगु चौबे मस्केडीह के लोगों ने ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह के अथक प्रयास से पुल का शिलान्यास बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह को दिया धन्यवाद

## विधायक ने बराकर नदी के पदनाकला घाट पुल का किया शिलान्यास

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत खरगु चौबे सीमावर्ती बिरनी प्रखंड के पदनाकला घाट पुल का बगोदर विधायक का०मरेड विनोद कुमार सिंह ने पांच करोड़ एक ग्यारह लाख रुपए की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास माले विधायक ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बगोदर विधायक ने कहा कि हजारीबाग गिरिडीह कोडरमा जिले को जोड़ते हुए यह हजारीबाग जिले के एकमात्र ग्रैंड कोड रेलवे स्टेशन चौबे को जोड़ता है यह पुल बनने से हजारीबाग जिले के चल. कुशा गिरिडीह जिले के बिरनी कोडरमा जिले के मरकच्चो प्रखंड के लोगों को रोजगार के लिए आने जाने में कठिनाई नहीं होगी, चाहे वह मुंबई कोल. काता दिल्ली या फिर जीटी रोड पकड़ कर अपने रा. जगार के लिए कहीं भी आ जा सकते हैं यह पुल बनने से लोगों को सुविधा होगा। बगोदर विधायक ने कहा कि चलकुशा सीमावर्ती बरसोती नदी जो सरिया प्रखंड चलकुशा प्रखंड के चौबे खरगू को जोड़ने वाला पुल बालेडीह घाट पर जल्द ही पुल कार्य का निर्माण किया जाएगा। उसके बाद बगोदर विधायक बराकर नदी मे पार कर चलकुशा प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में नारियल फोड़कर पुल का शिलान्यास किया। ज्ञात हो कि चलकुशा प्रखंड के खरगू चौबे पंचायत के लोगों का 52 वर्षो से सपना था, कि पदनाकला घाट का पुल बने, जिसे लेकर खरगू चौबे चल कुशा प्रखंड की जनता 52 वर्षो से जितने भी विधायक सांसद इस क्षेत्र से बने शवों के साथ लोगों ने फरियाद किया, लेकिन एक भी विधायक सांसद उनकी फरियाद को नहीं सुने सिर्फ लोगों को आश्वासन दिया गया। जब लोगों को पता चला कि हम लोग जिस पुल का सपना देखते थे चौबे खरगों चलकुशा प्रखंड की जनता का शिलान्यास कार्यक्रम में हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। खरगू मुखिया रेखा पांडे ,दिनेश पांडे, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भूदेव चौधरी ,महबूब अंसारी समाजसेवी सीताराम नायक, राजेंद्र साव, अख्तर अंसारी, हैदर मियां, उदित राम, मथुरा यादव , ऐपवा प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह माले चलकुशा प्रखंड सचिव अशोक चौधरी के अथक प्रयास से और बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह जी को यह पुल का शिलान्यास कराने को लेकर माले के तमाम चल. कुशा प्रखंड के कार्यकर्ताओं का लोगों ने आभार प्रकट किया, और कहा कि बरसों की सपना पूरा हुआ। इस कार्यक्रम में माले नेता नईम अंसारी, हिदायत अंसारी, इनामुल अंसारी, सावित्री देवी, छोटू सिंह, कयूम अंसारी, शंकर यादव, आनंद यादव, संजय धोबी, दामोदर दूरी, श्रीकांत पांडे, समेत तमाम ग्रामीण समाजसेवी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद थे।




## विधायक ने समुदायिक भवन का किया शिलान्यास

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने चलकुशा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरगू के नायक टोला में विधायक मद के द्वारा समुदायिक भवन का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया। विधायक अमित यादव ने कहा कि यह भवन बनने से इस क्षेत्र के लोगों को भवन का लाभ मिलेगा। इस दौरान विधायक ने चलकुशा प्रखंड के विभिन्न गांव चटकरी,चल. कुशा, अलगडीहा, बरियौन, मसकेडीह का भ्रमण किया और लोगों से जुड़ी जन समस्याएं भी सुना। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुबोध चौधरी उपप्रमुख दुर्गा यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता भोला सिंह, विजय चौधरी, राम प्रसाद यादव, राजेंद्र साव, अशोक यादव ,गोस्टू सिंह, मनोज सिंह, सुनिल सिंह, प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह,बिक्रम सिंह, बापी कुमार,पवन कुमार,अजय कुमार ,उमेश कुमार, टुनटुन कुमार, महेश कुमार, रंजय सिंह, पप्पू कुमार एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## सहायक अध्यापक संघ ने किया मृत शिक्षक के परिजन को आर्थिक सहयोग

### वार्ता में हुई ईपीएफ को जल्द लागू करे सरकार : संजय दुबे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड सहायक अध्यापक शिक्षक संघ के द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरोन के दिवंगत सहायक अध्यापक स्वर्गीय विश्वनाथ राम के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर आर्थिक सहयोग किया गया। संघ की ओर से अध्यापक शिक्षको के द्वारा जमा किया गया सहयोग की राशि 88500 संगठन की ओर से उनके परिजन को दिया गया ।साथ ही साथ बरही प्रखंड के तमाम सहायक अध्यापक ने उनके परिजनों को हर सुख दुख में साथ खड़ा होने का आश्वासन दिया। स्वर्गीय स्वर्गीय विश्वनाथ राम अपने पीछे पत्नी एवं एक बेटा और बेटी को छोड़कर चले गए। संगठन के लोगों ने बेटा बेटी को शिक्षण ग्रहण करने में कोई भी बाधा आने पर संगठन को अवगत कराने को कहा गया । इस मौके पर झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे ने उनके परिजनों कोआश्वत किया की अनु. कंपा के आधार पर परिजन को लाभ प्राप्त हो, इसके लिए जल्द ही राज्य के शिक्षा मंत्री से मिलकर बात को रखेंगे। साथ ही साथ सरकार से भी आग्रह किया है की जो बातें वार्ता के संबंध में हुई थी, उसमें राज्य के सहायक अध्यापक शिक्षकों को जल्द से जल्द ईपीएफ और शिक्षक कल्याण कोष से जोड़ा जाए । ताकि उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में सहयोग प्राप्त हो सके। साथ ही राज्य के महासचिव सिंटू सिंह जी एवं बरही के पारा शिक्षक मोहम्मद इरशाद जी के पिताजी के निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना प्रकट किया। इस मौके पर सहायक अध्यापक संघ के सदस्य संजय दुबे, जिला उपाध्यक्ष अजय प्रजा. पति, प्रखंड सचिव मनोज कुमार घोष ,प्रखंड कोषाध्यक्ष मोहम्मद सनौवर, महेश यादव ,रामेश्वर , नसरीन बानो, राजकुमार रविदास, सुरेंद्र यादव , दशरथ प्रसाद यादव, मुन्ना मिर्धा, मनोज कुमार ठाकुर, दीपक प्रसाद यादव, रंजीत सिंह, अशोक पंडित ,सुभाष कुमार, संजय सिंह, विनीता सिंह,प्रेमलाल, डिलो पासवान, केदार राणा, आशीष राणा, रामस्वरूप यादव,ब्रजमोहन शर्मा,मुकेश चौधरी, सुरेंद्र यादव, बिनोद राणा, अजीत कुमार सहित सैकड़ों पारा शिक्षक उप. स्थित थे ।

## पासवान जन कल्याण समिति हजारीबाग एवं कोडरमा जिला की ओर से होली मिलन समरोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



तिलैया डैम के सर्किट हाउस के प्रांगण में पासवान जन कल्याण समिति हजारीबाग जिला एवं कोडरमा जिला की ओर से होली मिलन समारोह का अयोजनकीय गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाला लखेंद्र पासवान ने की। इस मिलन समारोह में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर समाज को आगे बढ़ाने एवं शिक्षा को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया । निर्णय लिया गया की हर महीना समाज कल्याण हेतु समाज के विस्तार हेतु बैठक किया जाएगा इस मिलन समारोह में विनोद कुमार पासवान, डिलो पासवान, केदार पासवान प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस अनुसूचित मोर्चा ,बाला लखंदर राजकुमार पा. सवान, अर्जुन पासवान, बिरजू पासवान ,वासुदेव पा. सवान अनिल पासवान सहित पासवान समाज के कई लोग मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर




## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

UID NO. 20040117202

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

**पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु**

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!




सोच हमारी विकास आपका


**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी




## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस



फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट - हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे-नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



नया सोच नया विकास

## भावी मुखिया उम्मीदवार

सोच हमारी विकास आपका

हमे सहयोग करें हम आपके सेवा में

आपके पंचायत का बेटा

## सुनिल गिरी

ग्राम पंचायत बेन्दगी





निवेदकः- श्री कमल गिरी

मोबाइल नं० 8521749112

सुनिल गिरी भावी मुखिया उम्मीदवार


डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विश्व हिन्दू परिषद की ओर से मलकोको में होली मिलन समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

विश्व हिंदू परिषद मलकोको की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । समारोह की अध्यक्षता मलकोको विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष रंजीत यादव एवं संचालन सचिव सुरेंद्र पासवान ने किया। उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। रंजीत यादव ने कहा कि होली अधर्म पर धर्म एवं असत्य पर सत्य की विजय को दर्शाता है। हम लोग भी सत्य के रास्ते पर चलने वाले अनुयायी हैं। विहिप गांव गांव में जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है।


होली मिलन समारोह में शामिल विहिप के लोग

होली शांति एवं सौहार्द्र के साथ मनाने की अपील की गई है। होली मिलन समारोह में अध्यक्ष रंजीत यादव,सचिव सुरेंद्र पासवान,कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह ,संचालन कर्ता केदार राणा,गुलाब कुमार ,दिनेश राणा,डुगलाल ठाकुर, सकलदेव पासवान, बासुदेव सिंह,मुकेश ठाकुर,पप्पू राणा,दिनेश सिंह,मेघलाल सिंह,संजय राणा,बंशी सिंह,संतोष सिंह,आदि लोग ने समारोह में भाग लिया ।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक, प्रशासन ने की शांति एवं सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पुनि सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में विजैया पंचायत भवन, डापोक पंचायत भवन में होली , रामनमवी, शब ए बारात को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया। शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि शांति एवं सौहार्द तरीके से त्योहार मनाएं। किसी को होली में जोर जबरजस्ती रंग ना लगावे । गलत खबर को ना फैलएं। हर मंदिर मस्जिद प्रतिष्ठान में सीसी टीवी कैमरे जरूर लगाएं। वहीं जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो0 कैयूम ने कहा कि हामरे क्षेत्र की मिसाल हिन्दू मुस्लिम एकता के रूप में पूरे बरही विधान सभा मे दिया जाता है । क्षेत्र के


विजैया में शांति समिति की बैठक में शामिल लोग

लोग एक दूसरे के धर्म त्योहार को सम्मान देते है। मिल जुल कर सभी पर्व मानते है । सब से बड़ा धर्म इन्सानियत का है। जो इंसान नहीं बना वो कभी भी अच्छे हिन्दू मुस्लिम नहीं बन सकता है ।शांति समिति की बैठक में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ,बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो0 कैयूम, मुखिया दसरथ यादव ,मुखिया दुखन पासवान ,एसआई महेन्द्र बैठा अंचल निरीक्षक राजेश कुमार, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा, समाज सेवी सुरेश कुशवाहा ,उमेश कुमार, रोहित कुमार यादव, मो0 कलाम असिन मियां, मो0 रफीक , बैजनाथ यादव, जगेसर यादव ,राम सीता राम प्रसाद चंद्रिका प्रसाद बबिता देवी विद्या देवी किशुन ठाकुर मुनिलाल ठाकुर मुख्तार मियां अर्जुन मोदी ,सूरज दास, अख्तर अंसारी जहुर अंसारी ब्रह्म देव यादव, सीता राम यादव, सहित कई लोग मौजूद थे।







## केंदूवा में प्रजापति महासंघ का ग्रामस्तरीय कमेटी गठित, अरविंद प्रजापति बने अध्यक्ष

**अपेम लाइव : चौपारण**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर पंचायत के ग्राम केंदुआ में झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ का ग्राम स्तरीय बैठक किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि देवधारी प्रजापति, संतोष प्रजापति एवं अशोक प्रजापति शामिल हुए। वहीं सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक की अध्यक्षता भुनेश्वर प्रजापति एवं संचालन रामावतार प्रजापति ने किया। बैठक में सव. ‘सम्मति से अध्यक्ष अर. विंद कुमार प्रजापति, , सचिव सुरेंद्र प्रजाति, कोषाध्यक्ष कुमार प्रजापति



मीडिया प्रभारी उमेश प्रजापति, संगठन मंत्री लव कुमार एवं संरक्षक के रूप में महादेव प्रजा. पति को चुना गया। वहीं महिला वर्ग से अध्यक्ष सोना कुमारी, सचिव वीणा देवी एवं संरक्षक संगीता देवी को चुना गया। मौके पर उपेंद्र प्रजापति, महेंद्र प्रजापति एवं दर्जनों महिलाए उप. स्थित थी।

## झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ का बुढ़ियाडाबर में ग्राम स्तरीय कमेटी का किया गया गठन

**अपेम लाइव : चौपारण**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत ब्रह्ममोरिया पंचायत के बुढिया डाबर में झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की ग्राम स्तरीय बैठक किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि देवधारी प्रजापति, तोखन प्रजा. पति, संतोष प्रजापति एवं अशोक प्रजापति शामिल हुए। सभी अतिथियों को माला पहनाकर कर एवं बुके देकर स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता कामेश्वर प्रजापति एवं संचालन रामावतार प्रजा. पति एवं राम सुंदर प्रजा. पति ने किया। बैठक में



ग्राम स्तरीय कमेटी का भी गठन किया गया जिसमे सर्व सहमति से पुरुष वर्ग में अध्यक्ष रामसुंदर प्रजापति, कोषाध्यक्ष गिरधारी प्रजा. पति, सचिव देव प्रजापति एवं कामेश्वर प्रजापति को संरक्षक चुना गया। वहीं महिला वर्ग से अध्यक्ष सविता कुमारी, सचिव प्रिया कुमारी एवं संरक्षक फूलवंती देवी को बनाया गया। मौके पर उपेंद्र प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, कामेश्वर प्रजापति समेत कई महिलाएं मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## साहू समाज का अनुमंडल स्तरीय होली मिलन समारोह, उड़ा रंग गुलाल, फगुवा गीत पर झूमे लोग

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**





अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के बैनर तले सिंघरावां में अनुमंडल स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन हुवा सम्पन्न । कार्यक्रम कि अगुवाई अनुमंडल अध्यक्ष सीताराम साहू व संचालन राजेश साव ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बरही डीएसपी नाजीर अख्तर, कोडरमा जिला अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, हजारीबाग जिला साहू समाज अध्यक्ष राजेंद्र साहू, साबी देवी, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव सहित अन्य। इससे पूर्व आयोजको ने अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। कार्यक्रम में आये अतिथियो व समाज के लोगों ने एक दूसरे को रंग अबीर व गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली का दिया बधाई। इस दौरान लोकगीत गायिका खुशबू सिंह फगुवा गीतों पर जमकर थिरके लोग। शालिनी गुप्ता ने कहा कि समाज को एकजुट करने में हम सब मिलकर सहयोग करें। एक एक व्यक्ति के उत्थान से समाज का होगा उत्थान। कार्यक्रम आयोजन समिति अध्यक्ष दीपक गुप्ता, महेन्द्र साव आदि ने कार्यक्रम आयोजन में महती भूमिका निभाया। कार्यक्रम में मुकुंद साव, चेतलाल साव, मुखिया रेखा देवी, विलास देवी, पूर्णिमा देवी बबीता देवी समाजसेवी अमित साहु, प्रो बद्री साव, सुरेश कुमार साव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, मदन साव, अनुज साव, विकास कुमार गुप्ता, रामनरायण साव, राजकुमार नायक, अशोक गुप्ता, तापेश्वर साव, सुरेश साव, दीपक गुप्ता, बीरबल साव, संजय कुमार गुप्ता, लालेश कुमार साव, महेंद्र साव, बुधन साव, युवा अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, चन्दन गुप्ता राजदेव साव, बालेश्वर साव, मोहन साव, राजू साव, टिंकू गुप्ता, मनोज साव, चमन साव, विजय साव, समेत हजारों साहू बंधु उपस्थित हुए

## भाजपा युवा मोर्चा का होली मिलन समारोह आज, तैयारी पूरी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आज बसरिया स्थित श्रीराम पार्क में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन होगा। उक्त बातों की जानकारी देते हुए भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह व आशीष गुप्ता ने बताया कि तैयारी पूरा कर लिया गया है। कहा होली मिलन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य भाजपा नेता सम्मिलित होंगे। रविवार को तैयारियो का जायजा लेने श्रीराम पार्क पहुंचे रंजन सिंह, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, बेलाही मुखिया प्रतिनिधि मंटू सिंह, भाजयुमो महामंत्री पिन्टू सोनी, मुकेश सिंह, विजय साव आदि ने बताया कि रंग अबीर के साथ पाक पकवान का व्यावस्था किया गया है। वही कार्यक्रम में आकर्षक का केंद्र मंटू दाँगी म्यूज़िकल ग्रुप होंगे।

## सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने होली की ख़ुशी बिरहोर संग मनाया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बिरहोर संग होली मनाते सिविल सोसाइटी के सदस्य

प्रखंड के सतबहिया गांव में स्थित बिरहोर क०लोनी में बड़कागांव सिविल सोसाइटी के द्वारा बिरहोर परिवार के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सोसायटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं संचालन पूर्व पंसस राजीव रंजन ने किया। सर्वप्रथम सोसायटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता अपने पुत्र सिद्धू सागर के हाथों से सभी बिरहोर बच्चों के बीच क०पी कलम एवं पौष्टिक आहार का वितरण किया तथा सा. ेसाइटी के सभी सदस्य बिरहोर परिवार के साथ तिलक होली खेला बिरहोर परिवार सोसायटी के सदस्यों के साथ होली खेल कर होली की ख़ुशी का आनंद उठाया। मौके पर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि हम लोग पिछले 10 सालों से विरहोर परिवार के बीच आकर इनके रहन सहन एवं शिक्षा पर विशेष अभियान चलाते आ रहे हैं जिसका बदलाव अब इन विरहोर परिवारों के बीच देखने को मिलता है अब सभी बिरहोर बच्चे स्कूल जाने लगे हैं तथा बिरहोर लोग शराब का सेवन लगभग छोड़ दिए हैं। म०डर्न पब्लिक हाई स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा आज सभी लोग अपने सुख सुविधा के लिए अपनी स्वार्थ में डूब गए हैं वही समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा इन सु. विधाओं से वंचित है हम लोगों का प्रयास है कि यह बिरहोर जाति दुनिया की हर दृश्य से अवगत हो उनका संपूर्ण विकास हो। हाई स्कूल के शिक्षक सुकेश कुमार ने बिरहोर बच्चों को शिक्षा के लिए स्कूल जाने एवं साफ-सुथरा रहने के लिए कहा। मौके पर धनेश्वर प्रजापति विकास बिरहोर रोहित बिरहोर राक. ेश बिरहोर सरिता कुमारी मंजू कुमारी फूलमती कुमारी एवं अन्य सभी बिरहोर परिवार उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



झामुमो के मिलन समारोह में मौजूद कार्यकर्ता

झामुमो प्रखंड आवासीय कार्यालय में झामुमो कार्यकर्ताओं ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। इसमें झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य रामप्रकाश भाई पटेल, विष्णुगढ़ मध्य क्षेत्र जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेद को भुलाकर प्रेम व सौहार्द को बढ़ाने का संदेश देता है। होली मिलन समारोह सनातन धर्म की परम्परा रही है। अतिथियों ने आयोजन के लिये सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में भगवान सहस्त्रार्जुन की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व गुलाल अबीर लगाकर पूजन कर किया गया।इसके बाद एक दूसरे के साथ जमकर होली खेली गई। मौके पर संजय पटेल, दिलेर आजाद, शंकर महतो, बिशुनधारी यादव, खेमलाल साव, अजय कुमार मंडल, विकास कुमार सोनी, डालेश्वर यादव, रामकिशोर महतो, नागेंद्र प्रसाद, बुधन महतो, विजय कुमार पटेल, जुफैर अंसारी, अनंतलाल महतो, नरेश कुमार महतो, अनिता देवी, आरती देवी, बसंती देवी, चमेली गोस्वामी, मालती देवी, ललिता कुमारी, कौशल्या देवी, शांति देवी, सुनील यादव, मुकेश कुमार महतो, अमीर अंसारी, भोला महतो, अनिल पटेल, बालेश्वर महतो समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसआरएम कंप्यूटर एजुकेशन में होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




हजारीबाग शहर देवांगना बाबूगांव चौक रोड स्थित एसआरएम कंप्यूटर एजुक. ेशन में होली मिलन समारोह हुआ जिसमें सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए सभी विद्यार्थी ने मिलकर होली, भाईचारा प्रेम और एकता का पर्व, के रूप में मनाया, सभी ने एक दूसरे को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर संस्थान के निर्देशक सोनू सर ने अपने सभी विद्यार्थियों के साथ विचार प्रस्तुत किए और उत्साह बढ़ाएं साथ ही संस्थान में हुए परीक्षा सेमेस्टर-1 तथा सेमे. स्टर-2 में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 10 विद्यार्थियों को मिरेकल इंग्लिश क्लास के संस्थापक बी. पंडित सर के द्वारा पुरस्कृत दिए गए जिसमें अच्छे अंक प्राप्त करने वालों का नाम लक्ष्मी कुमारी, पवन पंडित ,अमन कुमार,रामाशंकर कुमार,शंकर पंडित,रवि कुमार,सिकंदर कुमार, प्रेम कुमार यादी हैं

## आर्यकर्ण निधि लिमिटेड में धूमधाम से मनाई गई होली मिलन समारोह तिलक होली खेलने का निर्णय

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



फगुआ गीत गाते सीएमडी रंजीत कुमार मेहता एवं अन्य

आर्यकर्ण निधि लिमिटेड के तत्वधान में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह सीएमडी रंजीत कुमार की अध्यक्षता एवं संयोजक सरोज सोनी के संचालन में किया गया।होली मिलन समारोह में बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव के महिला पुरुष विशिष्ट लोगों ने भाग लिया । इस दौरान एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभक. ामनाएं दी। सीएमडी रंजीत कुमार मेहता व अन्य सहयोगियों ने झाल मंजीरा ढोलक हारमोनियम के साथ जमकर फगुआ गीत गाए। मौके पर एमडी रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि आर्य कर्ण निधि के सभी सेक्टर में कार्यरत लोग तिलक होली खेलेंगे ताकि जल संरक्षण किया जा सके। होली में एक दूसरे का सहयोग करें और शांति पूर्वक होली मनाएं। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से सीएमडी रंजीत कुमार मेहता, आरके इन्फोटेक के डायरेक्टर रूपा कुमारी, आर्यकर्ण फाउंडेशन के अध्यक्ष सरोज सोनी सचिव विनोद सिन्हा, कोषाध्यक्ष चोहन साब , प्रदीप कुमार मेहता, लक्ष्मण महतो, धर्म नाथ महतो ,पवन कुमार चिंतामणि साब, बाल कृष्ण कुमार विकास कुमार रवि, नेहा कुमारी, सोनीया कुमारी, बैजनाथ महतो, पुष्पांजलि कुमारी , सुनीता कुमारी, मून , दिलीप राणा, कीर्तन कुमार, रितेश गंझु, महेंद्र पांडे ,धनेश्वर गंझु, रणधीर पटेल, सुनील गंजू, तुलसी राणा, आशीष भोक्ता, महेंद्र पासवान भुनेश्वर साहू, रा. जेश कुमार, कोमल भोक्ता, बालेश्वर गंझु, शोभा देवी ,रोहित कुशवाहा , विपिन कुमार, करण प्रसाद, अशोक महतो, सिकंदर कुमार, यमुना देवी ,गुड़िया कुमारी, विष्णु साहू, सुरेश महतो ,जय लाल महतो, नागेश्वर साव ,महेंद्र चौरसिया, प्रकाश कुमार, संदीप कुमार के अलावा कई लोग उप. स्थित थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता कार्यक्रम का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

### बच्चों के अधिगम संवर्धन के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण आवश्यक

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल शिक्षक

प्रखंड संसाधन केंद्र विष्णुगढ़ में मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता कार्यक्रम के नोडल शिक्षकों के पांचवें और छठे बैच का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण रविवार को प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण पूर्व आकलन, परिचय सत्र और प्रेरणा गीत के साथ ही पहले दिन किस सत्र की शुरुआत हुई। पहले सत्र में मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार और प्रवीण कुमार पाठक ने अपने-अपने बैच में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 निपुण भारत, निपुण भारत के अंतर्गत मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर विस्तार से चर्चा की। परिचर्चा में कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके बाद प्रशिक्षक श्री कुमार ने झारखंड के परिपेक्ष में निपुण भारत, उसकी कार्य योजना, पिछली योजनाओं की उपलब्धि और चुनौतियों आदि पर विस्तार से चर्चा की। भोजनावकाश के पूर्व सत्र में ही विद्यालय में एफ़एलएन के तहत गति. विधि आधारित शिक्षण क्यों, पर भी विचार विमर्श किया गया । परिचर्चा में यह निष्कर्ष निकला कि कक्षा एक से तीन तक के बच्चों के अधिगम संवर्धन के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण अति आवश्यक है, क्योंकि गतिविधि आधारित अधिगम से हम बच्चों के लिए निर्धारित दक्षता को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। भोजन अवकाश के बाद तीसरे सत्र की शुरुआत हुई। मास्टर चौनल सतीश कुमार, प्रवीण कुमार पाठक, मो. अयाज अहमद व पुरुषोत्तम कुमार ने कक्षाओं को प्रिंट रिच कर बच्चों के अधिगम को ज्यादा आकर्षक और आनंदपूर्ण बनाने के विविध आयामों की जानकारी दी। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों ने भी कक्षाओं को प्रिंट रिच करने में अपनाए जाने वाली गतिविधियों व नवाचारों को सदन के पटल पर रखा। प्रिंट रिच का यह तीसरा सत्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों के लिए काफी लाभप्रद रहा। दिन के चौथे और अंतिम सत्र में सामा. जिक भावनात्मक अधिगम, स्कूल रीडीनेस, सामुदायिक महत्व जैसे महत्वपूर्ण बिंद. ुओं पर परिचर्चा आयोजित की गई। पूरे दिन के प्रशिक्षण के दौरान बीच-बीच में शिक्षकों के साथ कई प्रकार की गति. विधियों और प्रेरणा गीत का दौर संपन्न हुआ। राष्ट्रगान के साथ दोनों बैच के प्रशिक्षण के पहले दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पूर्व शनिवार को बैच चार और पांच के शिक्षकों का चार दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ था। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट सह विरमन पत्र भी दिया गया। पूरे प्रशिक्षण के सफल संचालन में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदा. धिकारी तरुण कुमार, बीआरपी जलेश्वर प्रसाद, बीपीएम कुणाल कुमार सहित बीआरसी के अन्य कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## बालिका सामाजिक जन सहयोग फाऊंडेशन ट्रस्ट के कार्यालय का किया गया शुभारंभ

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा थाना प्रखण्ड के गांवा बाजार में रविवार को बा. लिका सामाजिक जन सहयोग फाउन्डेशन ट्रस्ट संस्था कार्यालय का शुभारंभ किया गया जिसमे मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक मो फुरकान अली उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि संस्था झारखंड के बोकारो से शुरुआत किया गया। संस्था का उद्देश्य के विषय में बताया गया की यह संस्था महिला के लिए रा. ेजगार, गरीब व असहाय बच्चियों का विवाह समारोह में सहयोग करना, महीला उत्पीड़न के खिलाफ आवाज बुलंद करना,लडकियो को शिक्षण हेतु आर्थिक सहायता करना, स्वास्थ्य सेवा के लिए समय समय पर कैंप का आयोजन करना, मं. हलाओं के विकास हेतु विशेष सहयोग करना आदि मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा की कोरोना जैसी महामारी में जब हमारा देश विषम परिस्थिति से गुजर रहा था तब ही हमारा मन में एक विचार आया कि क्यों ना हम लोग भी समाज के लिए कुछ अच्छा करें जिसके बाद हम लोग संगठन का निर्माण किए और संस्था यथासंभव लोगों को सहयोग कर रही हैं और आगे भी करने का प्रयास कर रहे हैं। साथ में उन्होंने यहां के महिलाओं व लड़कियों को जोड़ने के लिए भी अपील किया। उन्होंने बताया कि संस्था में जुड़ने हेतु हर साल 100 लगते हैं। वही अनाथ व विकलांग बच्चों का नामांकन मुफ्त है। हम लोग विवाह समारोह में लड़कियों को 5 से लेकर के 50 हजार तक का सहयोग करते हैं। वही असहयोग के बीच इलाज के लिए भी यथासंभव मदद करने का प्रयास करते हैं। मौके पर राहुल कुमार गुप्ता कार्यालय प्रभारी, गुड्डी कुमारी ट्रस्टी, प्रियंका पांडेय ट्रेनर, सारिक आदित्य धनबाद कार्यालय प्रभारी नीलम अवस्थी, गांवा कार्यालय प्रभारी सरिता स्वर्णकार सह प्रभारी गांवा मनोज अवस्थी, उपेंद्र स्वर्णकार, अनुकूल अवस्थी, शिवम सिसोदिया उमेश रविदास ,मनीष शर्मा आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पंचायत स्वंय सेवक संघ ने गावां प्रखण्ड कमिटी का किया पुनर्गठ्न, मनाया होली मिलन समारोह

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां में पंचायत स्वंय सेवक संघ गांवां ने रविवार को होली मिलन समारोह एवम संघ का पुनर्गठ्न को लेकर एक बैठक का आयोजन किया जिसमें सव. ेसम्मति से मिथलेश कुमार को अध्यक्ष, राहुल कुमार को सचिव एवं मनोहरलाल यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं पंकज कुमार को उपाध्यक्ष, सहसचिव स्यामसुंदर शर्मा एवं मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मिस्त्री को चुना गया। पुनर्गठ्न के बाद संगठ्न के मजबूती पर चर्चा की गई। बैठक के पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने एक दूसरे रंग लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर बिस्नुदेव कुमार, राकेश रंजन, पंकज सिंह, पंकज शर्मा, अनन्त पाण्डेय, संतु सिंह, सुनील यादव आदि दर्जनो लोग उपस्थित थे।

## भाजपा ने विजय उत्सव सह होली मिलन समारोह का किया आयोजन, जमकर उड़े रंग गुलाल

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**रोहीत कुमार**




फगुआ गीतों के बीच जमकर अबीर गुलाल उड़ रहे थे. नेता-कार्यकर्त्ता सब एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए जमकर होली के गीतों पर थिरक रहे थे.मौका था 4 राज्यों में मिले बम्पर जीत के विजय उत्सव सह होली मिलन समारोह का और स्थल था पचम्बा स्थित हरिचक कार्यालय. रविवार को भाजपा कार्यालय पूरा होलियाना माहौल में सराबोर था. पार्टी के वरीय नेता बाबूलाल मरांडी के उपस्थिति में कार्यकर्त्ताओं ने जमकर होली खेली और एक दूसरे के गले मिल होली की शुभक. ामनायें दी. होली खेले रघुवीरा समेत अन्य होली गीतों पर कार्यकर्त्ता जमकर झूमे और राज्यों में मिले जीत पर अपनी खुशियां व्यक्त की. कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी के अलावे पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार राय, जमुआ विधायक केदार हाजरा,डिप्टी मेयर प्रकाश राम,पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहावादी , जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, लक्ष्मण स्वर्णकार,दिलीप वर्मा,प्रदीप साव,सुनील पा. सवान, विनय सिंह, चुन. नुकांत, मुकेश जालान, संदीप डंगायच,नवीन सिन्हा समेत काफी संख्या में महिला नेत्री व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे.

## होली मिलन समारोह के साथ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन गावां इकाई की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन गावां इकाई की मासिक बैठक प्रखण्ड स्थित जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल पटना में आयोजित की गई। बैठक में संगठन बनाने से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। संघ के अध्यक्ष नारायण पांडेय ने बताया कि संघ से जुड़कर रहने से हमलोगों को कई फायदे है। हमारा संगठन जितना तभी मजबूत हो पायेगा जब हमलोग हौसला के साथ मिलजुल कर एक दूसरे का साथ देंगे और आवश्यकता पड़ने पर सबलोग एक आवाज में एकत्रित हो जाएंगे। बैठक के पश्चात उपस्थित सभी लोगो ने हर्षोल्लास के एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगा कर होली पर्व की सुभकामनाएँ दी। इस प्रकार होली मिलन समारोह के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई। मौके पर मो॰ शमशीर आलम, मुकेश चौधरी, रणवीर कुमार, सुमंत कुमार, कौशिक पांडेय, भारती गुप्ता, सुभाष कुमार, आज़ाद अली आदि कई लोग उपस्थित थे।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## एनएमओपीएस बैनर तले पेंशन चेतना यात्रा सह जिला अधिवेशन संपन्न

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**




आकलन के नाम पर पेंशन की घोषणा में विलंब ठीक नहीं– मुन्ना कुशवाहा ,जिला संयोजक गिरिडीह , एनएमओपीएस झारखण्ड आज दिनांक– 13.03. 22रविवार को गिरीडीह, में एनएमओपीएस झारखण्ड के आह्वान पर पेंशन चेतना यात्रा सह –जिला अधिवेशन का आयोजन किया गया।इस आयोजन में सरकारी कर्मचारियों/पदाधिकारियों के करीब सोलह संगठनों के पदाधिकारियों और पेंशन विहीन सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।




जिला संयोजक मुन्ना कुशवाहा ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा की पुरानी पेंशन आज सरकारी कर्मचारियों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जायज माँग है इसलिए इस मुद्दे नें आज सभी कर्मचारी संगठनों को एक मंच पर ले आया है।।वर्तमान में पुरानी पेंशन का मुद्दा पूरे राष्ट्रीय पटल पर छाया हुआ है। चाहे उत्तर में उत्तराखंड और हिमाचल हो, चाहे पश्चिम में पंजाब, हरियाणा और राजस्थान, चाहे दक्षिण में आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना या चाहे पूर्व में यूपी, बिहार, झारखण्ड हर जगह यह मुद्दा गुन्जायमान है।इस मुद्दे पर आन्ध्र प्रदेश और झारखण्ड में सत्ता परिवर्तन हो चुका है बा. वजूद वायदे के मुताबिक सरकार हमारे हक को लागू करने में विलंब कर रही है । चतुर्थवर्गीय कर्मच. ारी महासंघ के अशोक सिंह ने कहा एक सरकारी कर्मचारी औसतन 25–30 वर्ष तक सेवा में रहता है जबकी सरकारें पाँच वर्ष के लिये आती हैं। इन सरक. ारों केपंचायत प्रतिनिधि से लेकर विधायक और सांसद के पर्चा को दाखिल करने से लेकर वोटिंग और उसके बाद मतगणना तक सरक. ारी कर्मचारी का अहम रोल होता है। पर अक्सर यह देखा जाता है की सत्ता के सपने देखने तक जो रा. जनेता कर्मचारियों के अपने सहोदर भाई से बढ़कर सुख–दुःख समझने की बात करते रहते हैं वे सत्ता मिलते ही ब्यूरोक्रेसी के चपेट में आ जाते हैं। झारखंड में सरकार गठन हुए काफी समय बीत चुका है पर अभी तक पुरानी पेंशन को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है जिससे कहीं न कहीं कर्मचारियों में असंतोष की स्थिति पनप रही है।झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अपनी सरकार के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर और एनएमओपीएस, झारखण्ड के शिष्टमंडल से हुई वार्ता के दौरान अपने घोषणा पत्र में प्रमुखता से शामिल किये गये पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प में दृढ़ता का भरोसा तो दिया पर बजट सत्र के दौरान ओपीएस पर पूछे गये प्रश्न पर रुख स्पष्ट नज़र नहीं आया, जिससे कर्मचारी असमंजस की स्थिति में हैं।सरकार में शामिल कo्ग्रेस के नेतागण अगर इस मुद्दे पर समर्थन करते हुए दिखे तो उन्हीं के दल के कुछ वरिष्ठ नेताओं का रवैया इस मुद्दे पर तक. रीबन नाकारात्मक है। सभी संगठनों के जिला पदाधिकारियों ने सरकार के बयानों के अनुसार वर्तमान में इसे बहाल करने हेतु आकलन चल रहा है पर आकलन की बात से ही कर्मचारी चिढ़ रहे हैं, उनका कहना है कि क्या माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपना घोषणापत्र बिना किसी आकलन के ही तैयार किया था ? कo्ग्रेस ने कर्मचारियों के मनोभाव को समझते हुए वर्तमान में कांग्रेस शासित दो राज्यों यथा राजस्थान और छत्तीसगढ़ ने तो चुनाव का बिगुल फुँके जाने से काफी पहले सदन के पटल पर दिये अपने बजटीय भाषण में पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा तक कर दी है।राजस्थान में तो बकायदा इस पर औपचा. रिक कार्रवाई भी शुरु हो चुकी है।भाजपा शासित मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार को सत्ता और विपक्ष दोनों तरफ के तक. रीबन 71 विधायकों द्वारा पुरानी पेंशन बहाली हेतु अपना निवेदन पत्र दिया गया है और सरकार भी अब सीधे मना न कर साकारात्मक रुप से इस मुद्दे में झाँक कर इसकी गहराई का अंदाज़ा लगा रही है।

पुरानी पेंशन के विरुद्ध ईरादतन तरीके से फैलाया गया सबसे बड़ा झूठ यह है की ओपीएस से सरकार की देयतायें वित्तीय घाटे की स्थिति को जन्म देती हैं और एनपीएस के माध्यम से इस बोझ को कम भी किया गया है और कर्मच. ारियों को आर्थिक सुरक्षा भी दी गई है। जबकी तथ्य ठीक इसके उलट है।शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कहा की एनपीएस जो शेयर बाज़ार आधारित है उसके तहत रिटायर होने वाले कुछ कर्मचारी तो वृद्धा पेंशन से भी कम पेंशन पा रहे हैं और कई महज़ 3–4 हज़ार एनपीएस ने पब्लिक मनी को एक बड़े एनपीए में बदल दिया है और इसपर होने वाला खर्च ओपीएस से कुछ मामलों में तो ज़्यादा ही है और औसत तौर पर ओपीएस के आसपास ही।

एनपीएसऔर बात–बात पर शिखर छूने और गोता लगाने वाले शेयर मार्केट आधारित व्यवस्था में आस्था रखने वाले भी न्युनतम पेंशन की गारंटी देने के नाम पर बगलें झाँकने लगते हैं। कोई इसका कोई ठोस तर्क दे ही नहीं सकता की पुरानी पेंशन बहाली की जगह एनपीएस कैसे बेहतर है ? क्योंकी जो माननीय लोग एनपीएस का पक्ष लेते हैं वे स्वयं ओपीएस लेकर बैठे हुए हैं। दम और विश्वास है तो वे भी एक बार इसका मज़ा लेकर देखें। आज का यह कार्यक्रम झारखण्ड के पेंशनविहीन कर्मचारियों/पदाधिकारियों में अपने पेंशन अधिकार के प्रति जागरूकता एवं बदलते घटनाक्रम के अनुसार आन्दोलन की गति, स्वरूप और दिशा निर्धारित करने हेतु आयोजित किया गया। इस हेतु सरकारी कर्मियों द्वारा कोविड प्रोटोकoल का पालन करते हुए –सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय से नटराज ,टावर चौक मधुबन वेजिस होते हुए – पेंशन चेतना यात्रा निकाली गयी और –सभा में एक अधिवेशन का आयोजन किया गया।इस अवसर पर एनएमओपीएस झारखण्ड के कोषाध्यक्ष नितिनकुमार बतौर मुख्य अतिथि जिला के जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा,रविकांत चौधरी, नौशाद शमा,देवेंद्र प्रसाद सिंह अख्तर अंसारी कुंवर लाल पहन ,तेकलेश्वर महतो,कल्पना सिंह,विनोद राम,प्रियंका माथुर, संरक्षक घनश्याम गोस्वामी, इम्तियाज अंसारी,शमा परवीन,संजजय कुमार महतो,भारत मांझी सुखदेव शर्मा,विमलेंदु त्रिपाठी,संजीव कुमार दीपक कुमार , रेणु कुमारी ओंबार्ट,विकास सिन्हा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रुप में महासंघ के अशोक कुमार सिंह ने जागरुकता फैलाई। साथ ही जिले के शिक्षा,स्वास्थ्य,कर्मचारी,वन पुलिस एसोसिएशन,कर्मच. ारीसंघ जनसेवक संघ,पंचायत सचिव, शिक्षेतर्र कर्मचारी संघ सहित सभी संगठ्न के सैकड़ों लोग थे एनएमओपीएस की सभी प्रखंड संयोजक ने भी अपने संबोधन के माध्यम से इस आन्दोलन का पुरज़ोर समर्थन किया। पुरानी पेंशन बहाली हेतु सरकार से संवाद जारी है पर धैर्य और इंतेज़ार की भी एक सीमा होती है। कर्मचारियों को हल्के में लेना सरकार और कर्मियों के बीच के समन्वय में अच्छे वातावरण का परिचायक नहीं है जो कभी भी तीव्र अन्दोलन का रुप लेने में सक्षम है।

हालांकि एनएमओपीएस झारखण्ड ने सरकार में अपना विश्वास जताया है और यह कहा की हो सकता है कि आने वाला समय विधायिका और कार्यपालिका के सुखद रिश्तों की गाथा लिखने वाला हो और यह भी हो सकता है की पुरानी पेंशन (हुबहू) बहाली हेतु ससमय किसी सकारात्मक आधिक. ारिक कार्रवाई के इंतज़ार से अधीर होकर अंततः हम एक ऐसी स्थिति में न पहुँच जायें की तब आसानी से हो सकने वाले इस कार्य के लिये हमें सरकार से ही कड़ा संघर्ष करना पड़े।इसके पहले दीप प्रज्वलन कर और अतिथियों को बुके,शoल और मोमेंटो देकर सम्मा. नित किया गया । अधिवेशन का संचालन शिक्षक युगल किशोर पंडित और धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी ने किया ।

## 3 मई से मारुति नंदन हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक।

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**मानव राज सिंह**



प्रखंड के बेलकपी ग्राम में 3 मई से 13 मई तक आयोजित होने वाली मारुति नंदन हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों द्वारा शिव मंदिर बेलकप्पी में एक बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता देवेंद्र पांडेय ने किया जिसमें यज्ञ का संचालन व समापन शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो,को लेकर विशेष चर्चा किया गया।मौके पर देवेंद्र पांडेय ने कहा कि इस यज्ञ में यज्ञ समिति तथा शोभा समिति का कमेटी बनाया गया है। सभी ग्रामीण इस में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं तथा यज्ञ को लेकर उत्सुक हैं । यज्ञ में अयोध्या से प्रवचनकर्ता तथा रात्रि में रामलीला कार्यक्रम के लिए टीम आ रही है ।सभी भक्तजनों से इस यज्ञ को सफल बनाने में अपना अपना सहयोग देने की अपील की गई ।वहीं बबलू पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से क्षेत्र में सुख, समृद्धि तथा शांति बनी रहती है तथा वातावरण शुद्ध हो जाता है ।इस यज्ञ में भाग लेकर पुण्य का भागी बने । बैठक में मुख्य रूप से देवेंद्र पांडेय, कुलदीप पांडेय, विजय कुमार ,वीरेंद्र बर्णवाल ,रामानंद पांडेय, सतीश कुमार पांडेय ,तारकेश्वर पांडे, राजकुमार ,हरीश चंद्र नायक, बबलू पांडेय, चंदन पांडेय, महेंद्र कुमार ,हेमलाल पासवान, मंटू पांडेय, सुरेंद्र पांडेय,अजीत कुमार पांडेय, मिथिलेश पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## होली पर्व और शब–ए–बारात को लेकर प्रतापपुर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

### होली व शब–ए–बारात के दौरान अफवाह फैलाने वालों से रहें सावधानः प्रशासन

**अपेम लाइव :प्रतापपुर**
**प्रमोद सिंह**



इटखोरी(चतरा)। प्रतापपुर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति एवं शबे बारात और शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए जाने के लिए कर शांति समिति की बैठक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी जुल्फिकार अंसारी और संचालन मिस्टर आलम अशरफी ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव प्रतापपुर थाना अंचल पुलिस इंस्पेक्टर, रणजीत रोशन तथा उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग के लोग के साथ साथ पंचायत प्रतिनिधि ने होली त्यौहार के महत्व को बताते हुए आपस में दोनों पर्व को मिलकर सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाए जाने की बात पर बल दिया । अंचलाधिकारी जुल्फिकार अली अंसारी प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव थाना प्रभारी विनोद कुमार ने होली का त्यौहार में हुड़दंग करने से बचें सोशल मीडिया पर अफवाह जनक मैसेज का आदान–प्रदान नहीं करें अन्यथा ऐसे में एडमिन पर करवाई निश्चित रूप से होगी शराब या किसी प्रकार की नशा से बचें तेज बाइक कदापि नहीं चलाएं शराब पीकर वाहन चलाने वालों की गाड़ी जप्त की जाएगी। प्रशासन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी हानिकारक केमिकल वाले रंग किसी को भी लगाने से परहेज करें। इस बैठक में उपस्थित लोगों को पकवान खिलाकर शुभकामना दी गई वहीं उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीण जनता और पुलिस पदाधिकारी अंचलाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एक दूसरे को जमकर रंग लगाया और होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताया कि होली में सभी एक दूसरे से भेदभाव मनमुटाव और आपस की ईष्या द्वेष को भूलकर प्रेम और भाईचारे के साथ त्यौहार को मनाएं। परब त्यौहार को लेकर आयोजित इस शांति समिति की बैठक में मुख्य रूप से ए एस आई एल बी पासवान एएसआई रंजीत सिंह,प्रतापपुर मुखिया रीना देवी सिद्धकी मुखिया सरिता देवी ,गजवा मुखिया रोहित यादव , घोरी घाट मुखिया हाफिजुर रहमान, बभने मुखिया उमेश रविदास जोगीडीह मुखिया पति वीरेंद्र यादव, टंडवा मुखिया पति किशोर यादव, गेरुआ पंचायत के पूर्व मुखिया संतोष सिंह , प्रतापपुर पंचायत समिति पति निर्मल कुमार, चंद्री मुखिया आफताब आलम अजीत पांडेय, कीबुल इमाम, कांग्रेस जिला युवा अध्यक्ष मोती पासवान, नरेश पांडेय, साहब यादव, नौशाद खान, फिरोज आलम, पंकज यादव मोहन साह, राहुल कुमार, आजो खान, नौशाद खान, सहित काफी संख्या में लोग आज की इस आयोजित शांति समिति की बैठक में उपस्थित हुए थे।

THE MECHANICS

विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना। संपर्क सूत्र :– 6200723851

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## झामुमो नेता ने निकाला मशाल जुलूस

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



मशाल जुलूस में शामिल लोग

आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों को निष्पादित नहीं किए जाने के खिलाफ गैड़ा पंचायत में मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस की शुरुआत पांडेडीह सामुदायिक भवन से होते हुए गैड़ा पुल के पास नुक्कड़ सभा के साथ समाप्त हुआ। जिसका नेतृत्व महताब हुसैन कर रहे थे। विरोध में नारेबाजी की गई। महताब हुसैन ने कहा कि आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त हुए आवेदनों को निष्पादित करने में अधिकारी पूरी तरह से विफल रहे। जिन रैयतों ने जमाबंदी दर्ज करने, पंजी टू में खेसरा दर्ज करने, अ०नलाइन रशीद निर्गत करने, फटे पंजी को बहाल करने से संबंधित आवेदन दिए थे। वे आज भी ब्ल०क का चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारी द्वारा रैयतों को गुमराह किया जा रहा है। रैयतों को मैसेज आ रहे हैं कि आपका काम हो गया है। उसके द्वारा दिये गए आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। मशाल जुलूस में प्रमुख रूप से शेख सला. उद्दीन, रविराज पाण्डेय, शेख असिफ, शेख कलीम, गणेश यादव, कासिम अंसारी, सुनील पाण्डेय, शेख इम्तियाज, गणेश यादव, शेख नसरुद्दीन, बेलाल अंसारी, प्रकाश पाण्डेय, काशिफ, रंजीत यादव, शेख रहीम, शेख फैजन, शेख अजहर समेत कई लोग शामिल थे।

## यदुवंशी समाज का होली मिलन समारोह धूम धाम से सम्पन्न, विधायक हुए सम्मिलित

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




नावाडीह स्थित यदुवंशी भवन परिसर मे यदुवंशी समाज के होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात यदुवंशियों के आराध्य देवता भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प, गुलाल अबीर अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता सभापति गिरधारी यादव और सभा संचालन रामस. ेवक यादव ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने किया। कार्यक्रम सम्बो. धित करते हुए विधायक ने कहा कि होली उमंग और उत्साह का त्यौहार है। कहा होली सभी प्रकार के भेदभाव को समाप्त कर हमें एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करता है। मौके पर सदानंद यादव, रामसेवक यादव,विकास यादव, कृष्णा यादव, संजय यादव, प्रकाश यादव, बालकिशुन यादव, दीनानाथ यादव, डo बी के यादव, जगदीश यादव, छत्रधारी यादव, रामभरोस यादव, उदय यादव, प्रदीप यादव, देवेंद्र यादव, बरह्मदेव यादव, नवीन यादव, कुलदीप यादव, गुलाब यादव, दिनेश यादव, मनोज यादव, गोपाल यादव, संजय यादव, कपिल यादव,पृथ्वी राज यादव, मुनेश्वर यादव, भागीरथ यादव, सकलदेव यादव, विजय यादव, राजेश यादव, पप्पु यादव, विनय यादव, सोबरन यादव रविंद्र यादव, राजकुमार यादव, उमेश यादव, सैकड़ों लोग उपस्थित हुए

## मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में पड़ा एक्साइज का छापा

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



आज रविवार अहले सुबह से गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक्साइज का छापा पड़ा। छापेमारी के दौरान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जोभी और गडरमा से दस क्विंटल जावा महुआ और पांच सौ लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। मौक़े से धंधेबाज भागने में सफल रहे आज की छापेमारी अभियान की अगुआई उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय कर रहे थे। छापेमारी अभियान लगातार चलाए जाने से अवैध शराब बिक्री और निर्माण करने वाले धंधेबाजों में हड़कंप मचा हुआ है। अवैध शराब बिक्री और निर्माण को रोकने के लिए गिरिडीह उत्पाद विभाग लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। छापेमारी अभियान के वारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि लगातार मिल रही गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाता है और सरकार द्वारा घोषित प्रोत्साहन राशि भी गुप्त सूचना देनेवाले को दीया जाता है। उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने कहा कि अगर आप के आस पास अवैध शराब बिक्री और निर्माण हो रहा है तो अविलंब सूचना दें तुरंत कार्यवाही होगी। अवैध शराब ना पिएं और ना किसी को पीने दें। अवैध शराब जानलेवा साबित हो सकती है इसलिए इस से दूर रहें । आज के छापेमारी अभियान में मुनेश्वर लियांगी, सुरेंद्र यादव, जयदेव यादव, रामबचन यादव, प्रदीप पांडेय, श्यामकिशोर प्रसाद यादव सहित कई अन्य पुलिस बल और गृह रक्षा वाहिनी बल शामिल थे।

## मोदी समाज सेवा समिति का प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह का किया आयोजन

### समाज के लिए ईमानदारी व एकजुट होने की जरूरत

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**







बिरनी प्रखण्ड के पलोंजिया मोदी विवाह भवन में रविवार को मोदी समाज सेवा समिति का प्रखण्ड स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि समाज के प्रदेश मंत्री परमेश्वर मोदी, जिला अध्यक्ष लखन लाल बर्णवाल सचिव विशिष्ट अतिथि चलकुसा अंचल के सीओ शशिकांत सिंकर उप. स्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथियों ने अहिवरन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलित कर के किया । आये हुए अतिथियों को साल देकर सम्मानित किया गया वहीं भारत के चौथे स्तंभ पत्रकार को भी सम्मानित किया गया समाज के उपस्थित महिलाएं व पुरुषों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशियां की इजहार किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज मे सभी प्रसाशनिक स्तर पर भी लोग है । लेकिन लोगो मे ईमानदारी एकजुटता नही है । इसके कारण समाज के लोग आगे बढ़ने से बंचित रह जा रहे है। अब लोगो को समाज के प्रति निष्ठावान होकर काम करने की जरूरत है, तभी समाज का विकास सम्भव होगा। लोगो ने कहा कि आज समाज को बाल बिवाह , दहेज कुप्रथा जैसे जटिल समस्या से घेरे खड़ी है। समाज के लोगो को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मुखिया चुनाव पर शिक्षित महिलाओं व नोवजवानो को आगे लाने की जरूरत है तभी समाज का बदलाव सम्भव है । आज लोगो को ग्राम स्तर , पँचायत स्तर पर प्रत्येक माह बैठक की जाने की जरूरत है जब ग्रामीण स्तर पर समाज मजबूत होगा तभी जिला राज्य स्तर पर मजबूत होगा । समाज के प्रति निष्ठावान शिक्षित महिलाओं युवाओं को आगे लाने की जरूरत है। होलीमिलन समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया मुकेश मोदी ने जबकि संचालन सूरज मोदी ने किया। होलीमिलन समारोह में उपाध्यक्ष रणवीर बर्णवाल ,राहुल बर्णवाल , जगदीश मोदी,वीणा बर्णवाल, विनीता बर्णवाल, बिजेंद्र मोदी,राजेन्द्र मोदी, शम्भु बर्णवाल, विकास कुमार,दिलीप बर्णवाल , मुकेश मोदी, मुन्ना कुमार बर्णवाल, शम्भु मोदी, अंबिका प्रसाद ,संजय बर्णवाल , पूजा कुमारी, गुड्डी बर्णवाल,दीपा वर्णवाल, इंद्रजीत बर्णवाल, राजेन्द्र बर्णवाल, सुबोध बर्णवाल, विकास बर्णवाल, शिवराम निशांत , आशीष कुमार , विनोद बर्णवाल आदि उप. स्थित थे।

## उत्पाद विभाग ने अम्बाजीत से बरामद किया भारी मात्रा में अवैध शराब

### होली को लेकर अवैध शराब भंडारण और बिक्री जोरों पर

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




झारखंड के सीमाने पर स्थित चौपारण प्रखंड से अवैध शराब निर्माण और बिक्री का काम तमाम प्रशासनिक कार्रवाई के बा. वजूद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को भी उत्पाद विभाग ने अंबाजीत में एक मकान में छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। संभावना जताई जा रही है कि होली को लेकर अवैध तरीके से शराब जमाकर रखी गई थी। इसी बीच उत्पाद विभाग तथा पुलिस को गुप्त सूचना मिली जिसके बाद त्वरित कार्रवाई में पचास कार्टून अवैध शराब घर से बरामद किया गया। उत्पाद विभाग व चौपारण पुलिस ने संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया। उक्त बातो की जानकारी देते हुए उत्पाद सब इंस्पेक्टर राजीव नयन ने बताया कि गुप्ता सूचना के आधार पर कार. ेवाई किया गया है। बताया एक मकान से शराब बरामद किया गया है। हालांकि मामले की जाँच पड़ताल जारी है। इस कांड में संलिप्त लोगों की शिनाख्त की जा रही है। शराब तस्करी में संलिप्त दोषियो पर कानूनी कारवाई होगा। बताते चलें कि प्रखंड में अवैध तरीके से भारी मात्रा में शराब की तस्करी जारी है।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## स्थानीय नीति झारखंड का भविष्य तय करेगा : अमित महतो

### हर झारखंडी माँग रहा है स्थानीय नीति : विजय सिंह भोक्ता

**अपेम लाइव : हजारीबाग**





झारखंड निर्माण के दो दशक से ज़्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी अब तक झारखंड की स्थानीय नीति का झारखंडी जनभावनाओं के अनुरूप परिभाषित न होना चिंता का विषय है. चूँकि स्थानीय नीति ही नियोजन नीति को भी तय करेगा इसलिए सरकार को अपने किए गए वादे को पूर्ण करना होगा. सरकार को जल्द से जल्द स्थानीय नीति को परिभाषित करना होगा. झारखंड में झारखंड के ही लोगों की हकमारी की जा रही है. नौकरियों में अतिक्रमण, बिना नीति नियुक्ति होना अवसर की समानता के संवैधानिक अधिकार को कुचलने के समान है. देश के सभी राज्यों की अपनी - अपनी स्थानीय नीति है. लेकिन आज तक झारखंड में झारखंडी जन भावनाओं के अनुरूप स्थानीय नीति नहीं बन पायी. यह स्पष्ट तौर पर राजनीतिक उदासीनता को दर्शाता है. इच्छाशक्ति के आभाव को परिलक्षित करता है.

उक्त बातें माटी का स्वाभिमान आंदोलन के खतियान महापंचायत में कटकमसांडी में सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने कही.

माटी का स्वाभिमान आंदोलन के संयोजक संजय मेहता ने कहा की राज्य के भीतर झारखंडी जन भावनाओं के आधार पर ही सरकारी और प्रशासनिक निर्णय लेने हा. ेंगे. झारखंड झारखंडियों के लिए बना है. लेकिन झारखंडी कौन है यह सरकार आधिकारिक तौर पर परिभाषित नहीं कर रही है. अब तक झारखंडी जनता को छला गया है. जनता अपना हक़ माँग रही है. सरकार को इन पहलुओं पर विचार करना होगा. सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति को लागू करने के लिए क्या कर रही है यह जनता को बताना होगा.

संजय मेहता झारखंड में माटी का स्वाभिमान आंदोलन को धार दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड को अब एक पुनर्जागरण की ज़रूरत है.

ज़िला परिषद सदस्य विजय सिंह भोक्ता ने कहा कि तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी में झारखंडी को प्रा. थमिकता ज़रूरी है. सरकार को इस पहलू पर भी सा. ेचना होगा की कैसे तृतीय और चतुर्थ वर्ग की नौकरी में झारखंड के लोगों का हिस्सा नब्बे प्रतिशत हो. आगे सम्बोधित करते हुए विजय भोग्ता ने कहा की भारत राज्यों का संघ है. राज्यों के निर्माण की परिकल्पना में उस क्षेत्र के लोगों का कल्याण निहित होता है.

झारखंड एक अलग राज्य है. भले ही वह बिहार का हिस्सा रहा है लेकिन झारखंड छोटानागपुर इलाक़े की अपनी मौलिक कला,संस्कृति,भाषा और वि. रासत रही है. 2000 में जब झारखंड राज्य स्थापना हुई तभी से 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति की माँग होती रही है. चूंकि आदिवासी और मूलवासियों के लिए यह राज्य बना है. जयपाल सिंह मुंडा ने भी संविधान सभा में इसकी वकालत की थी. झारखंड कोई स्वाभाविक राज्य नहीं है बल्कि संघर्ष के बाद हासिल हुआ राज्य है. इसलिए झारखंड में अवसर में प्राथमिकता के आधार पर लाभ पाने का अधिकार झारखंडी को है. स्थानीय को अधिकार नहीं मिलेगा तो राज्य बनने का सही सपना साकार नहीं हो सका.

तीर्थनाथ आकाश ने कहा कि झारखंड में जब तक झारखंडी जन भावना के अनुरूप स्थानीय नीति परिभाषित नहीं होगी. झारखंड बनने का मूल उद्देश्य पूर्ण नहीं होगा. झारखंड में आदिवासी और मूलवासी की पहचान उनकी भाषा- संस्कृति, परंपरा, जीवन शैली, रीति रिवाज आदि से संभव है. असल में कहें तो झारखंड की भाषा, संस्कृति स्वतः झारखंडियत को परिभाषित करती है. 5 आदिवासी भाषाएं (संताली, मुंडारी, हो, खड़िया व कुडुख) और 4 मूलवासी भाषाएं ( खोरठा, कुरमाली, नागपुरी व पांच परगनिया ) ही झारखंडी भाषा-संस्कृति की परिचायक है.

सरकार चाहे तो इन्हें स्थानीयता के नीति निर्धारण के आधार बिंदु के तौर पर ले सकती है. सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति को जल्द से जल्द परिभाषित करे. जब तक झारखंड में इन सवालों पर सोचा नहीं जाएगा. आदिवासी-मूलवासी के अस्तित्व, पहचान और हिस्सेदारी/ भागीदारी का संरक्षण झारखंड में मुश्किल है. मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास महतो ने कहा जिनके पास अपने या पूर्वजों के नाम ज़मीन आदि का ख़तियान है, उन्हें ही स्थानीय माना जाए और उन्हें ही सरकारी नौ. करियां दी जाएं. साथ ही झारखंड की नौ क्षेत्रीय भाषाओं को समान रूप से लागू करते हुए इसे प्रतियो. गिता परीक्षाओं और बीएड के पाठ्यक्रम में इस रूप से लागू किया जाना चाहिए जिससे इन भाषाओं का बेहतर विकास भी हो सके. इन भाषाओं के विकास, शोध, साहित्य के पहलू पर भी सरकार काम करे.

प्रियंका कुमारी ने कहा कि ऐसा नहीं है की हम 1932 पर अड़ गये हैं. हमारा कहना है की खतियान स्थानीयता का आधार हो. वह अंतिम सर्वे का भी खतियान हो सकता है.

सूरज कुमार ने कहा कि ज़मीन का अंतिम सर्वेक्षण, सर्वे रिकार्डस अoफ राइट्स वर्ष 1932 में हुआ था. इसलिए उस सर्वे के आधार पर जिनके पास ज़मीन है, उन्हें स्थानीय माना जाए. 22 सालों में इसका समाधान नहीं होना बेहद दुर्भाग्य है. इससे झारखंड का शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक विकास रुका है. सभा में मुख्य तौर पर बिनोद मेहता, प्रियंका कुमारी, सूरज कुमार, नागेश्वर मेहता, उपेन्द्र कुशवाहा, प्रकाश कुमार, नागेश्वर कुमार, पप्पू कुमार, प्रशांत कुमार, कैलाश गंझु,मक़सूद आलम,सद्दाम अंसारी,अल. ीजान अंसारी,आरिफ़ अंसारी,शेर अली,कुणाल मेहता,राजीव मेहता,आदित्य कुमार, मुकेश कुमार, आर्यकांत मेहता,अलाउद्दीन अंसारी,राजा कुमार, कौलेश्वर साहू,भोला शंकर गुप्ता, कैलाश मेहता, किशोर मेहता,बासुदेव साव,विजय कुमार,पिंटू गंझु, चरका यादव, गौतम कुमार, मुकेश यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे.







Our Partners

ICICI Lombard General Insurance · TATA AIG Insurance · Liberty General Insurance · HDFC ERGO · Future Generali Total Insurance Solutions · digit · care Health Insurance · Royal Sundaram General Insurance · Oriental Insurance · New India Assurance · Chola MS General Insurance

सुविधा उपलब्धः-NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

APEM LIVE